चेन्नै में इस खाद्य कर्कट की संतुलित प्रचुरता भारतीय तटों की अनोखी घटना थी । औसत 165 टन के साथ पकड 100.7 टन और 238.1 टन के बीच विविध थी । माहिक अवतरण 1993 अप्रैल के 0.1 टन से 1995 जनवरी के 43.4 टन में बदलता रहा । बरसाती मौसम इसकेलिए उचित होकर भी अक्तूबर और जनवरी में भारी पकड प्राप्त हुई थी । गर्मी के मौसम इस मात्स्यिकी केलिए अनुचित है फिर भी कभी कभी मई-जून की अवधि में इसकी अच्छी उपस्थिति देखी गयी थी ।

कैरिबिड्स

सी. स्मित्ति की उपस्थिति और एक विशेषता थी । इसका औसत वार्षिक अवतरण 88.7 टन था जो कर्कट अवतरण के 9.0% था । औसत माहिक पकड मई के 0.9 टन से फरवरी के 23.4 टन में विविध थी और अधिकतम पकड 60 टन थी जो फरवरी, 1995 में रिकार्ड की गयी थी । जनवरी -मार्च और सितंबर में पकड अच्छी थी । अक्तूबर - दिसंबर के कडी बारीश मौसम और अप्रैल-जून की गर्मी की अवधि में पकड बहुत कम थी ।

सी. क्रूसियाटा – एक बहुत मूल्यवान खाद्य कर्कट, का औसत वार्षिक अवतरण 64.2 टन था जो कर्कट अवतरण का 6.5% था । औसत माहिक पकड मई के 0.2 टन से जनवरी के 12.7 टन में बदलती रही । सितंबर-जनवरी श्रृंगकाल था। अप्रैल-अगस्त में मात्स्यिकी बहुत धीमी थी । *सी.नटेटर* की पकड कर्कट पकड का 8.0% था । सितंबर-जनवरी में पकड अच्छी थी ।

वाणिज्यिक उपभोग

कर्कटों के दो प्रकार के उपयोग होते हैं । बडे एवं मांसल कर्कटों, यानी *पी. सांगिनोलेन्टस, पी. पेलाजिक्स, पी. विजिल* और *सी. क्रूसियाट्टा* खाद्य कर्कटें है और तटवर्ती लोगों द्वारा उपयोग किये जाते है और कुछ संसाधन करके निर्यात किये जाते हैं । साधारणतया इन कर्कटों को अवतरण स्थान में ही छाँटकर नीलाम कर देते है । छोटे कर्कटों को ट्राश

मछलियों के साथ मत्स्य चूर्ण बनाने केलिए उपयोग करते है।

चर्चा

नगर की दो छोटी नदियों में सिर्फ बारिश के समय में ही पानी होता है । गर्मी के दिनों में नगर के नालियों का मैला पानी इस में जुड जाता है । यह स्थिति कर्कटों की मौसमी प्रचुरता केलिए सहायक होती है । सितंबर से होने वाले मानसून मौसम से भी चारों ओर से मैल और मिट्टी नदी में आ पडती है जो कर्कटों केलिए अच्छे खाद्य है, जिससे आकर्षित होकर चारों ओर के कर्कट यहाँ आ जाते है । मानसून के दौरान जलराशिकी खूब अनुकूल है , जिसमें पोषण और विलीन ऑकिसजन का ऊँचा स्तर है ।

अधिकतम वहनीय पकड और अनुकूलतम प्रयास के आकलन बहुत निकट देखा गया । औसत 642 टन और 615000 घंटों के आगे निरीक्षणावधि का आकलन 676 टन और 868000 घंटे देखा गया जिससे सूचना मिलती है कि विदोहन अधिकतम वहनीय पकड के निकट तक पहूँच गया है । यद्यपि गहरे मत्स्यन जलक्षेत्र में अधिक मात्रा में उपलब्ध संपदाओं का विदेहन सुनिश्चित किया जाना है ।

822 काकिनाडा खाडी में भारतीय मुक्ता शुक्ति (*पिंक्टाडा फ्यूकाटा*) का पालन

ई.एम. अब्दुसमद, के.आर. सोमयाजुलु और पी. अच्चय्या

सी एम एफ आर आइ का काकिनाडा अनुसंधान केन्द्र, काकिनाडा – 533 004

कुल 146 वर्ग कि मी क्षेत्र में बिखरे पडे काकिनाडा खाडी विभिन्न मोलस्क संपदाओं, विशेषकर द्विकपाटियों और गास्ट्रोपोडों से समृद्ध है । कई कार्यकर्ताओं ने इस खाडी की मोलस्क संपदाओं पर विस्तृत अध्ययन किया है । लेकिन *पिंक्टाडा फ्यूकाटा* कर्नाटक खाडी के बहिर्जात है । कर्नाटक खाडी की परिस्थिति में इसकी बढती और अतिजीवितता पर कोई वैज्ञानिक अध्ययन उपलब्ध नहीं है । इस अध्ययन में इसकी साध्यतायें व्यक्त करने का प्रयास किया गया है ।

स्पाट :

संवर्धन परीक्षण केलिए 7.0 से 21.6 मि मी तक के आयाम (औसत 14.58 मि मी) के भारतीय मुक्ता शुक्ति *पिंक्टाडा फ्यूकाटा* के स्पाटों को टूटिकोरिन स्फुटनशाला से लाया था ।

परिवहन रीति : स्पाटों को ऑक्सिजन भरे दो तह के 9 लिटर ठंडा समुद्र जल युक्त पॉलिथीन थैलियों में परिवहन किया था । एक थैली में 1000 स्टाटों का परिवहन किया जो 500 बीजों वाली दो पंक्तियों के क्रम में रखे गये थे । इन थैलियों को फिर विद्युत रोधी टिन डिब्बाओं में रखा गया था । परिवहन के 44 घंटों बाद, काकिनाडा में पहुँचने पर सब अच्छी स्थिति में थी ।

बढती पर परीक्षण : स्पाटों के पालन केलिए कैजों में वेलोन स्क्रीन थैलियों का उपयोग किया था । मात्स्यिकी बंदरगाह जेटी के नीचे, जल ऊपरितल के नीचे लगभग 75 से मी की न्यूनतम गहराई में इन कैजों को लटका दिया था । थैलियों को अलग अलग रखने केलिए अन्तरकों का उपयोग किया था । 20–25 मि मी के आयाम प्राप्त करने पर स्पाटों को आगे के पालन केलिए कैजों में परिवहित किया था ।

नियमित अंतराल में मुक्ता शुक्तियों की बढती, नश्वरता और खाडी के जलराशिक पैरामीटरों का निरीक्षण किया था । मुक्ताओं और संवर्धन संबंधित वस्तुओं को परभक्षियों और परिदूषकों से मुक्त किया था ।

यह अध्ययन 1996 अगसत से 97 मार्च तक की अवधि में चलाया था ।

परिणाम

जलराशिक स्थिति:

मुक्ता शुक्तियों की बढती और अतीजीवितता समझने केलिए संवर्धन स्थान के जल की लवणता, तापमान और शुद्धता का नियमित रिकार्ड किया था । पूरे संवर्धनकाल में आविलता अधिक थी, जो उच्च उत्पादकता के सूचक है ।

अध्ययनावधि में जल की लवणता और तापमान का उतार–चढाव बहुत अधिक था । अक्तूबर–नवंबर में बारिश और भाड के कारण लवणता 6.16% तक कम हो गया । दिसंबर के बाद लवणता क्रमशः बढकर मार्च में 32.6% तक हो गयी ।

जल तापमान 23.0 और 33.5c° के बीच विविध था । तापमान दिसंबर के दौरान निम्न और अक्तूबर में उच्च था ।

बढती :

अक्तूबर से दिसंबर तक की अवधि को छोडकर बाकी संवर्धन काल में मुक्ता शुक्ति बढती अच्छी थी । 31.50 और 55 मि मी के आयाम रेंच में औसत आयाम 43.8 मि मी देखा गया । इस अवधि में शुक्ति ने 12.0 ग्रा का औसत भार और 10.0 से 17.4 मि मी तक की मोटाई भी प्राप्त की थी । पृष्ठाधर बढती की तुलना में बढती की पहली अवस्थाओं में भार और घनत्व मंद दिखाई पडी लेकिन शुक्ति आयाम 40–45 मि मी तक पहूँचने पर पृष्ठाधर की बढती मंद हो गयी और घनत्व और भार में तेज़ बढती आने लगी ।

अतिजीवितता :

अतिजीवितता दर 83.1% थी । अक्तूबर से दिसंबर तक की अवधि को छोडकर संवर्धनावधि में नश्वरता कम थी, जल तापमान और लवणता भी कमी थी ।

परदूषण जीवियों की बस्ती :

बारनाकिल्स, शुक्ति, शंबु, स्पंजे आदि की बस्ती पूरी अवधि में देखी गयी थी । लवणता अधिक दीख पडी जनवरी से मार्च तक की अवधि में बस्ती अधिक थी ।

अभ्युक्तियाँ

चक्रवाती तूफान भाड, उच्चावचन युक्त लवणता, उच्च आविलता आदि कई प्रतिकूल स्थिति होते हुए भी काकिनाडा खाडी में मुक्ता शुक्तियों की बढती अन्य क्षेत्रों की तुलना में उच्च थी । लवणता में होनेवाला उतार–चढाव शुक्तियों की अतिजीवितता में उतना बुरा प्रभाव नहीं डालता है ।

वर्तमान अध्ययन यह सूचित करता है कि चक्रवाती तूफान और लहरों से सुरक्षा दी जा सकती है तो काकिनाडा खाडी में सालभर मुक्ता शुक्ति, *पिंक्टाडा फ्यूकाटा* का संवर्धन किया जा सकता है । होप द्वीप और नवनिर्मित 1,500 मी लंबाई के तरंग रोध मिलि खाडी को सुरक्षा दी जाएगी । यद्यपि वर्तमान स्थितियों में खाडी रैफ्ट संवर्धन प्रणाली केलिए उपयुक्त नहीं है । वर्तमान निरीक्षण वाणिज्यिक दृष्टि में मुक्ता शुक्ति संवर्धन केलिए रैक आन्डट्रे और केज संवर्धन का सिफारिश करता है । काकिनाडा खाडी में मुक्ता संवर्धन और इसकी गुणता पर आगे भी निर्धारण आवश्यक है ।

823 काकिनाडा खाडी में मुक्ता शुक्ति *पिंक्टाडा कैम्निटिजी* (फिलिप्पी) स्पाटों की बस्ती और बढती – एक टिप्पणी

ई.एम. अब्दुसमद, पी. अच्चय्या और के. आर. सोमयाजुलु

सी एम एफ आर आइ का काकिनाडा अनुसंधान केन्द्र, काकिनाडा – 533004

नरसिंहम आदि ने *(समुद्री मात्स्यिकी सूचना सेवा अंक:* 59 1984) काकिनाडा खाडी से टेरिडे कुडुम्ब की मुक्ता शुक्ति *पिंक्टाडा कैम्निटिजी* की उपस्थिति पर रिपोर्ट की गई है। इन्हें खाडी की पूर्वी दिशा में होप द्वीप के निकट 0.3 से 3.0 मी गहराई रेच पर बालू और पंक युक्त तल में पडे मृत काँच शुक्ति कवचों में दिखाये पडते है । स्पाट बस्ती सहित इनकी जैविकी पर विस्तृत जानकारी अभी तक उपलब्ध नहीं है । वर्तमान अध्ययन में काकिनाडा खाडी में *पी. कैम्निटिजी* स्पाटों की बस्ती और बढती पर निरिक्षण किया गया है ।

परिणाम

काकिनाडा खाडी में मत्स्ययन पोताश्रय के नीचे *पिंक्टाडा फ्यूकाटा* के पालन केलिए लटके गये वेलाँन स्क्रीन थैलियों में आकस्मिक वश *पी. कैम्निटीजी* स्पाट देखा गया था। यह बस्ती 1996 सितंबर में देखा गया था । और स्पाट का पृष्ठाधर मापन 5 से 7 मि मी था । इन्हें वेलोन स्क्रीन थैलियों में 20 से 25 मी आयाम प्राप्त करने तक पालन किया । इसके बाद आगे के पालन केलिए पंजरों में स्थानांतरित किया था । वेलोन स्क्रीन और पंजरों को खाडी में 75 से मी की गहराई में लटके दिये थे ।

जलराशिकी :

पालन क्षेत्र का जल अत्यन्त मलिन था । पालन की अवधि में जल तापमान और लवणता में व्यतियान होता था। तापमान दिसंबर में न्यूनतम और अक्तूबर में अधिकतम के साथ 23.0 से 33.5C° में विविधता दिखायी । इस प्रकार लवणता 6.16 और 32.6 पी पी टी के बीच विविध थी । अक्तूबर–नवंबर में चक्रवाती बारिश और भाड के कारण लवणता बहुत कम थी ।

इस जाति का कवच *पी. फ्यूकाटा* के समान ही है,

लेकिन उत्तलता बहुत कम है । कपाट का बाह्य रंग कपाट के प्रकूट से मार्जिन तक दृश्यमान कुछ क्रीम पीत चिह्नों के सहित रकताभ भूरा है । कपाट के भीतर की मुक्ताभ रेखाएं चमकीला है ।

इसी क्षेत्र में पालन किये गये *पी. फ्यूकाटा* की बढती की तुलना में *पी. कैम्निटिजी* की तेज़ बढती हुई थी । 176 दिनों में *पी. फ्यूकाटा* ने 43.8 मि मी का आयाम, 2.34 और 6.07 मि मी की माहिक बढती दर के साथ प्राप्त किया, जबकि *पी. कैम्निटिजी* द्वारा इसी अवधि में पृष्ठाधर में प्राप्त औसत आयाम 68.3 मि मी है । इनकी माहिक बढती दर 9.57 और 11.43 मि मी में विविध थी । नवंबर और दिसंबर में बढती कुछ मन्द थी ।

शुक्तियों की बढती जल तापमान और लवणता के उतार-चढाव से प्रभावित थी । नवंबर और दिसंबर के दौरान दीख पडी मन्द बढती का कारण निम्न जल तापमान और लवणता का मिश्रित प्रभाव था ।

पालन के 176 दिनों में अतिजीवितता उच्च थी (84.6%) । शुक्तियों और पंजरों में बारनाकिल्स, शुक्तियाँ, शंबू, पॉलीकीट्स, स्पंज आदि की बस्ति पूरे संवर्धन काल में होती थी । जनवरी-मार्च की अवधि में जब लवणता उच्च थी तब इसकी बस्ती भी उच्चतम थी ।

अभ्युक्तियाँ

पी. फ्यूकाटा की अपेक्षा *पी. कैम्निटिजी* ने अच्छी बढती दर दिखायी । लेकिन मुक्ता उत्पादन में उपयोग नहीं करने के कारण वाणिज्यिक दृष्टि में इसका कम महत्व है । वाणिज्यिक उपयोग की दृष्टि से इसका शोषण करने केलिए इसकी जैविकी और अन्य संबंधित पहलुओं पर जाँच करना अनिवार्य है । मुक्ता उत्पादन क्षमता इसमें भी है, इसकी उपयुक्तता जानने केलिए आगे भी निरीक्षण करना चाहिए ।

824 प्रकाश के ज़रिये मत्स्यन-कुछ निरीक्षण

आर. भास्करन आचारी, जेकब जेरोल्ड जोएल, जी. गोपकुमार, के. के. फिलिप्पोस, के.टी. तोमस और ए.के. वेलायुधन

सी एम एफ आर आइ का विषिंजम अनुसंधान केन्द्र, विषिंजम - 695 521

तिरुवनंतपुरम तट को ट्यूना, ऐंचोवी, फीतामीन, कैरेंजिड्स, पर्च और शीर्षपाद जैसे कुछ संपदाओं के योगदान के कारण केरल राज्य के परंपरागत मात्स्यिकी में प्रमुख स्थान दिया है । परंपरागत आनायों के मोटरीकरण से यहाँ की मात्स्यिकी का विचारणीय विकास हुआ है । बाद में प्रकाश की सहायता से मत्स्यन करने की रीति भी यहाँ शुरु हुई । तिरुवनंतपुरम जिले की मात्स्यिकी में 1991-1995 तक की अवधि में हुए प्रकाश मत्स्यन का प्रभाव इस लेख का विषय है।

प्रकाश के ज़रिये मत्स्यन

कृत्रिम प्रकाश की ओर मछलियों का आकर्षण प्राचीन काल से ही ज्ञात है । विश्व के कई भागों में प्रकाश के साथ मत्स्यन की रीति इसलिए ही विकसित हुआ । शुरुआत में पुलिन में जलक्षेत्र के निकट आग लगाते थे । इसके बाद मशालों का उपयोग करने लगा । बाद में मिट्टी का तेल, गैस और बिजली के दीपों के प्रयोग से मत्स्यन क्रमशः बढने लगा। आजकल विश्व के कई भागों में प्रकाश के साथ मत्स्यन करने की रीति विद्यमान है । इसका प्रयोग पुलिन पोत, गिल जाल, कोष संपाश, स्कूप जाल, वडिश राज्जू आदि में किया जाता है। मिट्टी का तेल, बिजली और गैस के सहारे जलने वाले दीपों के अतिरिक्त अंतर्जलीय दीपों का भी प्रयोग हो रहा है । मछलियों के कृत्रिम प्रकाश की ओर आकर्षण केलिए प्रकाशानुचालन, खाद्य आदि कई कारण बताये जाते है । प्रकाश आकर्षण अनुक्रियता रखनेवाली प्रमुख मछलियाँ हैं तारली, बाँगडे, ऐचोंवी, कैरेंजिड्स और स्क्विड्स । जापान में प्रकाश मत्स्यन मुख्यतः स्क्विड, बाँगडे, तारली और काट बाँगडे केलिए होता है और इससे 20-25% योगदान भी होता है ।

डाटा श्रोत

इस लेख के लिए आवश्यक डाटा का संग्रहण विषिंजम मछली अवतरण केन्द्र से 1991-1995 के दौरान किया था और निरीक्षण विषिंजम के दक्षिण भाग में स्थित 4 मछली अवतरण केन्द्रों में किया था ।

मत्स्यन संभार

तिरुवनंतपुरम तट में प्रयुक्त मुख्य संभार पोत संपाश, ड्रिफ्ट गिल जाल, वडिश रज्जू, तट संपाश, *चाला वला, नेत्तोली*

वला, और डिस्कोवला होते हुए भी प्रकाश मत्स्यन प्रमुखः वडिश रज्जु के ज़रिये होता है । कुछ केन्द्रों में पोत संपाशों में भी इसका उपयोग किया जाता है ।

मत्स्यन मौसम

मई से अक्तूबर तक की अवधि तिरुवनंतपुरम जिले का मत्स्यन मौसम है । नवंबर–फरवरी की अवधि इस क्षेत्र की मात्स्यिकी केलिए उचित नहीं है, लेकिन प्रकाश मत्स्यन केलिए यह अनुयोज्य काल है ।

बृहत आँखों वाला स्क्वॉड, *सेलार कुमेनोफ्तालमस,* (स्थानीय नाम कन्ननकोषुचाला या कन्ननपारा या पेरिंगमपारा) पकड में प्रमुख (77.2%) थी । इसके अनुगमन करते हुए बाँगडे (19.4%), पर्चे (1.8%), स्किवड्ें (1.4%) और अन्य करैंजिडें (0.2%) भी प्राप्त हुई थी ।

प्रकाश के बिना मत्स्यन में प्रयास औसत 5386 एककों के साथ 4882 से 6228 में विविध था । पकड औसत 297.1 टन के साथ 261.8 से 336.7 टन में विविध थी ।

इसमें प्रमुख पकड ट्यूना की थी (46.1%), अन्य पकड पर्च (19.1%), अन्य करैंजिड्स (18.8%), शीर्षपाद (5.8%), बाँगडे (5.3%), बृहत आँखोंवाला स्क्वॉवाडा (1.3%) और अन्य (3.6%) थी ।

यह देखा जा सकता है कि प्रकाश बिना मत्स्यन के 54.2 कि ग्रा की तुलना में प्रकाश मत्स्यन में पकड दर 87.2 कि ग्रा है । दोनों एककों का पकड मिश्रण विचारणीय तौर पर भिन्न था । प्रकाश मत्स्यन प्रकाश की ओर आकर्षित होनेवाली मछलियों को पकडे जाते है । यहाँ यह व्यक्त है कि बृहतआँखों वाला स्क्वॉड कृत्रिम प्रकाश की ओर खूब आकर्षित है । प्रकाश मत्स्यन में स्क्विडों का योगदान बहुत कम था । इसका मुख्य कारण यह है कि नवंबर – फरवरी की अवधि इसका मत्स्यन काल नहीं है और एक कारण यह हो सकता है कि बृहत् आँखों वाले स्क्वॉड केलिए प्रयुक्त काँटा स्क्विड केलिए योज्य नहीं हो ।

अन्य केन्द्रों में भी स्थिति विभिन्न नहीं थी यानी प्रकाश मत्स्यन में पकड दर उच्च थी ।

प्रकाश मत्स्यन का प्रभाव अन्य एककों में

साधारणतया प्रकाश के बिना मत्स्यन से प्राप्त वर्ग प्रकाश मत्स्यन के ज़रिए नहीं पकडे जाते है । यद्यपि कुछ वर्ग ऐसे है जो दोनों प्रकार के मत्स्यन में प्राप्त होते हैं । इसलिए इस पर एक विश्लेषण आवश्यक है । प्रकाश मत्स्यन का मुख्य लक्ष्य बृहत् आँखोंवाला स्क्वाड है । इसकी मात्स्यिकी मौसम नवंबर–जनवरी के श्रृंगकाल के साथ नवंबर से मार्च तक की अवधि है । प्रकाश के बिना मत्स्यन करनेवाले एककों में इसकी पकड बहुत कम है । प्रकाश मत्स्यन से प्राप्त अन्य मुख्य मछली है बाँगडा । साल भर उपलब्ध होने पर भी इसका श्रृंगकाल मार्च–जून तक की अवधि है और प्रकाश मत्स्यन के प्रचालन नहीं होने पर भी ड्रिफ्ट गिल जाल, वडिश राज्जु और तट संपाश में बाँगडे की पकड इस अवधि में उतना महत्वपूर्ण नहीं है । प्रकाश मत्स्यन एककों में प्राप्त अन्य वर्ग यानी पर्च, अन्य करैंजिड्स और स्क्विड्स भी उतना विचारणीय नहीं । अतः इस पर यह विचार किया जा सकता है कि तिरुवनंतपुरम तट का प्रकाश मत्स्यन का प्रमुख लक्ष्य बृहतआँखों वाला स्क्वाड है और अन्य संभारों की पकड पर इससे कोई बुरा प्रभाव पडने की संभावना भी नहीं है ।

सिफारिश

1. नवंबर–मार्च की अवधि तिरुवनंतपुरम मात्स्यिकी का क्षीण काल है । इस अवधि का प्रकाश–मत्स्यन प्रमुखतः बृहत आँखों वाले स्क्वाड है जो उस अवधि में अन्य संभारों में नहीं पकडे जाते हैं । प्रकाश मत्स्यन के ज़रिये इन्हें नहीं पकडे जाए तो मात्स्यिकी को ये जातियाँ नष्ट हो जाएगी । इसलिए मछली पकड बढानेवाले प्रकाश मत्स्यन को प्रोत्साहित करना अनिवार्य है । परंपरागत मछुआरों केलिए यह फायदे की बात है कि उनको अपने आनायों के काँटे इसकेलिए उपयोग किया जा सकता है और मत्स्यन प्रचालन केलिए किसी अतिरिक्त व्यय भी नहीं करना पडता है ।

2. पोत संपाशों से किये गये प्रकाश मत्स्यन सेकी भारी पकड प्राप्त स्क्विड हुई थी । इसलिए आगे भी इसका विकास करना चाहिए जो बहुत ही लाभदायक होगा । इस क्षेत्र में स्किवडों का श्रृंगकाल अगस्त–सितंबर की अवधि है और इस अवधि में पोत संपाश और वडिश रज्जू द्वारा प्रकाश मत्स्यन किया जा सकता है ।

3. आजकल प्रयुक्त मत्स्यन में प्रगति लाना चाहिए ।

4. तुलनात्मक मत्स्यन परीक्षण और वाणिज्यिक मत्स्यन अनुभव यह सूचित करता है कि सतही लैम्प की तुलना में अंतर्जलीय लैंप अधिक प्रभावी है जिससे स्थिर एवं अविचलित प्रकाश मिलता है । अंतर्जलीय इलेकट्रिक लैंप की लागत गैस या मिट्टी के तेल के गैस लैंपों से ज्यादा है इस केलिए कोई मार्ग सोचना पडेगा ।

5. हमारे तटों में प्रकाश मत्स्यन एक तरीका है इसलिए हमारी

नयी मात्स्यिकी के अनुसार इसके विविध पहलुओं पर परीक्षण-निरीक्षण करना चाहिए ।

(क) इसपर अध्ययन किया जाए कि सभी जाति मछलियाँ, आयु, लिंग और शारीरिक स्थितियों के विचार किए बिना एक प्रकार का स्वभाव प्रकट करती है या नहीं ।

(ख) यदि कृत्रिम लैंप (सताही या अंतर्जलीय) का स्थान, रंग और प्रकृति (अविचलित या टिमटिमाहट) मछलियों के अनुक्रियन में कुछ विशेष प्रभाव लाता है ।

(ग) परंपरागत मात्स्यिकी सेक्टार द्वारा इस मात्स्यिकी के विकास की दृष्टि से उपर्युक्त सभी पहलुओं पर अनुसंधान कार्य करना चाहिए । ❐

825 टूटिकोरिन के लवण क्यारियों में लवण जल चिंगट *आर्टीमिया* की द्विलिंग विकृति

आमुख

डिंभसंवर्धन में लवण जल चिंगट *आर्टीमिय* का प्रधान्य पहले पहल उस समय व्यक्त हुआ था जब सील (*1933, ट्रान्स अमे फिश सोस,* 63:129-130) ने छोटी मछलियों के खाद्य के रूप में आर्टीमिया के नॉप्ली के महत्व का विवरण किया था। इसके बाद कई अनुसंधाताओं ने विविध जाति की मछलियों और क्रस्टेशियनों की डिंभावस्था में लवण जल चिंगटों के ताज़ा स्फुटित नॉप्ली खूब उपयुक्त और सुविधाजनक खाद्य देख लिया । जब कभी आवश्यक हो सूखी पुटिकाओं के रूप में नॉप्ली की उपलब्धता देखकर विश्वभर के जलकृषकों का ध्यान इस डिंभ खाद्य संपदा की ओर आकर्षित हुआ जो लवण जल चिंगट के पुटिकाओं और नॉप्लियों के विविध पहलुओं पर तीव्र अनुसंधान कार्यकलापों में परिणत हुआ । 1970 के बाद कवच प्राणी (क्रस्टेशियन) स्फुटनशालाओं में लवण जल चिंगट पुटिकाओं का उपयोग बडे महत्वपूर्ण बन गया और आज विश्व भर के चिंगट स्फुटनशालाओं की सफलता एक विचारणीय हद तक गुणतायुक्त आर्टीमिया पुटिकाओं की उपलब्धता पर आधारित है।

विश्व के कई भागों से आर्टीमिया के अनिषेकजननीय और द्विलिंगी विकृति के बारे में रिकार्ड की गई है । इनमें द्विलिंगी विकृति के बारे में रिपोर्ट बिलायत, दक्षिण अमेरिका, यू एस ए, अरजेन्टीना और इरान और अनिषेकजननीय के बारे में रिपोर्ट यूरोप और एशिया से मिली है । भारत में टूटिकोरिन, वेदारान्यम, मद्रास (चेन्नै), मुंबई और कच की खाडी के सौर लवण क्यारियों में आर्टीमिया की उपलब्धि रिपोर्ट की गयी है । राजस्थान के अंत स्थलीय लवण झील-सांबर और डिड्वाना झीलों में भी इसकी उपस्थिति रिकार्ड की गई है । उपर्युक्त सभी स्थानों में अभी तक अनिषेकजननीय विकृति के बारे में ही रिकार्ड की गई है । इस लेख में टूटिकोरिन लवण क्यारियों में उपलब्ध लवणजल चिंगटों की द्विलिंगी विकृति के बारे में रिपोर्ट की जाती है ।

टूटिकोरिन में स्थित लवण क्यारियों में पाये जानेवाले लवणजल चिंगटों की अनिषेकजननीय और द्विलिंगी विकृति

टूटिकोरिन के अधिकांश लवण क्यारियों और लवण तालाबों में लवण चिंगट पाये जाते है । फरवरी 97 में कारापाट लवण क्यारियों में संग्रहण के लिए किये गये एक यात्रा के दौरान कई आर्टीमिया जोडों को राइडिंग अवस्था में देखे गये। इनमें कुछ एक ही मादा जाति के साथ दो नर जाति चिंगटों को राइडिंग अवस्था में देखा था । संग्रहण किये गये लवणजल चिंगटों को कारापाड क्षेत्र प्रयोगशाला में निर्मित 1 टन धारिता के सूर्यप्रकाश में खुले सिमन्ट टैंक में रागी भूसी का रस खिलाकर परिरक्षित किया । कारापाड के प्राकृतिक लवण क्यारियों में द्विलिंगी विकृति देखने के बाद टूटिकोरिन के और लवण क्यारियों का भी सर्वेक्षण किया था । निरीक्षण किये गये सात स्थानों-यानी कारापाट, मुत्तियपूरम, थेर्मल नगर क्षत्र, युरानी एक्स्टेनशन, अलंगारितिट्टु, तलमुत्तु नगर और कलवासन में आर्टीमिय की उपस्थिति केवल कारापाट, युरानी एक्स्टेनशन और अलंगारतिटटु में ही रिकार्ड की गयी थी । इनमें आर्टीमिया की द्विलिंगी विकृति कारापाड लवण क्यारियों में देखी गयी थी जबकि बाकी दो स्थानों में अनिषेकजननीय विकृति ।

लवणजल चिंगटों के अनिषेकजननीय और द्विलिंगी विकृति की उत्पादन शक्यता पर प्राथमिक अध्ययन

विभिन्न लवणजल क्यारियों से प्राप्त लवणजल चिंगटों के अनिषेकजननीय और द्विलिंगी विकृति की उत्पादन शक्यता जानने केलिए कारापाड क्षेत्र प्रयोगशाला में प्राथमिक परीक्षण चलाया गया था। 18-2-97 को प्रयोगशाला में परिरक्षित स्टॉक से 100 मादा चिंगटों और द्विलिंगी विकृति के 100 जोडों को प्रयोगशाला के बाहर सूर्यप्रकाश में खुले 1 टन धारिता के सिमेन्ट टैंक में डालकर दोनों विकृतियों में नॉप्ली के उत्पादन का अध्ययन किया था । दोनों विकृति के प्राणियों को रागी भूसी का रस खाद्य के रूप में दिया था । पन्द्रहवाँ दिन रान्डम सॉम्पिलिंग रीति के अनुसार उत्पाद के आकलन करने पर द्विलिंगी विकृति के ज़रिए किशोरों/नॉप्लीयों का उत्पादन तीन गुनी अधिक देखा गया जिसकी आकलित संख्या 31,598 थी । अनिषेकजननीय विकृति के ज़रिए उत्पादन केवल 9,840 था । परीक्षण के दौरान लवणता 60.3 से 68.1 पी पी टी, पी एच 8.4 से 8.6 और परिवेशी तापमान 27 से 30°C में पहुँच गया था ।

टूटिकोरिन के लवणजल क्यारियों में द्विलिंगी विकृति के लवणजल चिंगटों के प्रवेश की संभाव्यताएं

पिछले एक दशक में टूटिकोरिन में कई चिंगट स्फुटनाशालाओं की स्थापना हुई है । देशी व्यापारियों द्वारा विदेशी अभिकरणों से लवण चिंगट पुटिकाओं का आयात होता है । यह विश्वास किया जाता है कि ऐसी स्फुटनशालाओं से कुछ पुटिका या डिंभक लवण क्यारियों में प्रवेश किये होंगे। लेकिन यह भी विचारणीय है कि ये प्राइवेट स्फुटनाशालायें द्विलिंगी विकृति देखी गयी स्थानों से लगभग 10 कि मी दूर पर है । इससे यह व्यक्त होता है कि पुटिकायें हवा या जल-पक्षियों के ज़रिए वितरित होते

हुए होगें ।

भारत में अधिकांश चिंगट स्फुटनाशालाएं पुटिकायें अयात करने के कारण इस द्विलिंगी विकृति को अस्थायी रूप से *आर्टीमिया फ्रांसिस्कना* कहा जाता है । उत्तर, मध्य और दक्षिण अमेरिका में *ए. फ्रांसिस्काना* की प्रचुरता है और टूटिकोरिन के और लवण क्यारियों में इसका प्रवेश टूटिकोरिन में ही नहीं देश के चारों ओर के प्राकृतिक अनिषेकजननीय विकृति में बडे परिवर्तन लानेवाला माना जाता है । ❐

एम. राजामणी, एस. लक्ष्मी पिल्लै, डी.बी. जेम्स और पी.जय गणेश
सी एम एफ आर आइ का टूटिकोरिन अनुसंधान केन्द्र, टूटिकोरिन – 638001

826 कोटिबेल – माल्प मात्स्यिकी बंदरगाह में नये प्रकार का पोत संपाश

मानसून के महीनों में (जून से अगस्त तक) यंत्रीकृत पोतों पर सरकारी प्रतिबंध के कारण माल्प में मत्स्यन मोटोरीकृत कैनोस से किया जाता है । यह मोटोरीकृत एकक मत्स्यन केलिए पोत संपाश, गिल जाल या छोटे आनाय जाल का उपयोग करता है । इनमें पोत संपाशों जैसे *रानिबेल* और *मट्टाबेल* का इस्तेमाल होता है और वेलापवर्ती मछली और झींगे इससे मिल जाते है । इसके सिवा तारली, छोटे बाँगडे, क्रोकेर्स और लेस्सर सारडीन जैसे क्लूपिड, पाम्फेट्स, *एम. डोबसोनी, पी. स्टाइलिफेरा* आदि को इससे पकडे जाते है । मोटोरीकृत गिलजालों में *"पाट्टावेल"* प्रमुख है जिसका लक्ष्य बडे बाँगडे होते है । लेकिन इससे बाँगडों को निकालने केलिए 2–3 घंटे लगना पडता है जो इस जाल की एक कमी है । इस साल में मछुआरों ने मानसून महीनों में देखे जानेवाले बडे आयाम के बाँगडे झुण्ड को लक्ष्य करते हुए एक नये पोत संपाश – *कोटिबेल* की प्रस्तुति की जिससे पकड को सीधे पोत में खींच कर सका कोटिबेल का प्रचालन लकडी से बने 11.7 से 17.5 मी की कुल लंबाई और 15 से 25 तक के अश्वशक्ति युक्त बाहर घटित मोटरों के डोंगियों से किया जाता है । हर एक कोटिबेल एकक में 2–3 डोंगियाँ और एक जाल और 18–20 कार्मिक दल होते हैं । इसका प्रचालन पोत संपाशों के समान है । अन्य पोत संपाशों की तुलना में कोटिबेल का निर्माण मोटे धागे से बडे आयाम के जालाक्षि के साथ किया जाता है और इसमें लेड का भार भी अधिक होता है इसलिए कोटिबेल का जाल अन्य पोत संपाशो के जालों की तुलना में भारी होता है और जल में शीघ्र डूब जाता है और जल प्रवाह का रोध करने में भी सक्षम होता है ।

एक कोटिबेल के निर्माण केलिए 300 कि ग्रा नाइलॉन जाल सामग्री का उपयोग किया जाता है । एक जाल की लंबाई 1500 और गहराई 110' होती है । धाग सं. 1 से जाल का निर्माण किया जाता है और इसका जालाक्षि आयाम 30 से 32 मि मी होता है । पूरे जाल के 4 से 6 टुकडे होते है और छः नंबर नाइलॉन रस्सी से इन्हें जोड देते हैं । मूल रस्सी (हेड रोप) की मोटाई 20 मि मी है जिसमें 10 मि मी रस्सी से 3500 एपिल फ्लोट जोड देते है । इन प्लवियों (फ्लोटों) को 6 इंच के अन्तराल में लगाये जाते है । पाद रस्सी (फूट रोप) 60 मि मी मोटापन की होती है और इसमें 250 ग्रा भार वाले 1000 लेड भार 11 इंचों के अन्तराल में लगाये जाते है । जाल के दोनों तरफ (10 वलय) 0.5 से 1 कि ग्रा तक भारी वलय लगाये है जो जाल को भारी बनाता है और तेज़ी डूब केलिए सहायक होता है । जाल की कुल लागत लगभग 1.6 लाख रु है जिसमें जाल और डोंगी की लागत और श्रमिक व्यय भी शामिल है । जाल में प्राप्त पकड को वाहक पोतों में लाने और नीलाम भी आसान होता है । मछुआरों की राय में ये संशोधित पोत संपाश लाभदायक है और 1997 के दौरान माल्प में 50 कोटिबेल का निर्माण किया गया है । ❐

सी एम एफ आर आइ के माँगलूर अनुसंधान केन्द्र, माँगलूर के प्रतिभा रोहित और आर. अप्पया नाइक द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट

827 विषिंजम से पकडे गये बृहत् वेताल शंकुश *मोबुला डयाबोलस*–एक टिप्पणी

एस. कृष्ण पिल्लै
सी एम एफ आर आइ का विषिंजम अनुसंधान केन्द्र, विषिंजम – 695521

विषिंजम में 19–6–95 को 45–50 मी गहराई में प्रचालित गिल–जाल में मादा जाति की दो बृहत् वेताल शंकुश पकडी गयी थी । 800 और 850 कि ग्रा भार के इन शंकुशों को क्रमशः 2250/– रु और 2800/– रु में नीलाम कर दिया गया । 16–1–97 को 700 कि ग्रा भार के और एक वेताल शंकुश भी गिल जाल से पकडा गया था, जिसे 2200/– रु पर नीलाम कर दिया था । इसके बाद 20–2–97 को भी 500 कि ग्रा भार के एक मादा वेताल शंकुश प्राप्त हुई थी जिसका नीलाम 1690/– रु पर किया था ।

बृहत् शंकुश अन्य सभी शंकुशों से बहुत बडा है और इनको उष्णकटिबंधीय जलक्षेत्र में पाये जाते हैं । इसके आकार के अनुसार इन्हें अंग्रेज़ी में डेविल रे और तमिल में *कोम्बु तिरुक्काइ* या *कोटुआ तिरिक्की* आदि नाम से पुकारे जाते है । ये मोबुलिडे वंश के है । इसका बहुत कम अवतरण हुआ करता था, इसलिए इसके बारे में जानकारी भी बहुत कम है ।

बडे शंकुशों के डिस्क समचतुर्भुजीय होता है और कुछ जातियों में यह 7 मी तक की चौडाई प्राप्त करती है । प्रोथ के दोनों भागों में एक मांसल शिरस्य सींग है जो मुँह की चौडाई से अलग कर दिया गया है । इसका पूँछ चाबुक के समान बहुत लंबा है । इसका रंग गहरा भुरा होता है ।

मोबुला और *मान्टा* जातियों को सभी उष्ण समुद्रों में देखा जाता है ।

मोबुला और हारपून मात्स्यिकी

पिछले पाँच सालों में *मोबुला डयाबोलस* का स्थान एक मात्स्यिकी के रूप में उतना महत्वपूर्ण नहीं रहा । भारत में आन्द्रोत और

कल्पेनी द्वीपों में वेताल शंकुश केलिए सितंबर और दिसंबर में एक हारपून मात्स्यिकी का आयोजन किया है । इसका मांस द्वीपवासियों केलिए बहुत प्रियंकर है । लक्षद्वीप में मान्टा को "कोट्टार" और मोबुलास को "तिरण्डी" कहते हैं । वेरावल में भी नवंबर-दिसंबर और अप्रैल-मई के दौरान मोबुला की मात्स्यिकी होती है । लेकिन मान्टा यहाँ विरल है । मान्नर की खाडी से 40-60 मी गहराई में प्रचालित ड्रिफ्ट जालों में बडे आयाम के मोबुला के अनियमित अवतरण के बारे में टालवर और कांकेर (1984) और राजपाकियम आदि (1984) की रिपोर्ट के बिना और जानकारी उपलब्ध नहीं है । हाल में विषिंजम में चार *एम. डयाबोलस* पकडे गये थे ।

मान्टा

मान्टा शंकुश हमारे जल क्षेत्र में विरल है । ये 24 मी तक की लंबाई, 7 मी तक की चौडाई और 1400 कि ग्रा तक का अधिकतम भार प्राप्त करते है ।

एम. बाइरोस्ट्रिस की पहली रिपोर्ट वेरावल (शिवप्रकाशम-1965) से थी । इसके बाद कारवार, मद्रास (1985), पोंडिच्चेरी (1983) और टूटिकोरिन (1994) से भी इसके बारे में रिपोर्ट मिली थी ।

ये बृहत्ताकार शंकुश कभी कभी ऊपरीतल पर आकर 5 फीट की ऊँचाई तक कूदते है और ये वापस जल में गिरने का शब्द इतना बडा है कि एक मील से अधिक दूर तक सुनाया पडता है ।

मान्टा बाईरोस्ट्रिस तट पर विरल ही आता है । इन शंकुशों के बारे में जानकारी भी बहुत कम है । अभी तक दिखायी पडी और जाँच की गई अधिकांश नमूने स्त्री जाती की थी ।

किशोर शंकुश

शंकुशों के प्रत्युत्पादन के बारे में भी जानकारी बहुत कम है । फ्लोरिडा तट के बृहत् शंकुशों की प्रजनन प्रक्रिया के बारे में श्रीमान कोल्स का निरीक्षण रोचक है (नारमन-1931) । किशोरों के निष्कासन के समय मादा शंकुशों को गहरी चोट लगती है । स्मित (1949) के अनुसार ये हवा में कूदते वक्त किशोरों को जन्म देते है । हाल के निरीक्षण (कंकाटी और दिनेश कुमार-1995) भी इससे सहमत होनेवाले है । कारवार में 16-9-95 को 5.5 मी चौडाई और 3 मी लंबाई की एक मादा शंकुश ने 3 शंकुशों को जन्म दिया और काटते वक्त इसके गर्भाशय में भी एक किशोर शंकुश पाया गया था । ये काले रंग के थे और चौडाई 1.0 मी थी । बिनागा खाडी में 4-10-95 को *मान्टा बाइरोस्ट्रिस* के चार किशोरों का अवतरण हुआ था । 11.2 मी चौडाई के एक किशोर शंकुश का अवतरण 20-9-95 को कारवार में भी हुआ था ।

मोबुला और मान्टा के बीच का अन्तर

मोबुला के मुँह सिर के नीचे है और दोनों हनुओं में दाँत होते हैं। मान्टा का मुँह बहुत चौडा है और सिर के आगे दिखाया पडता है और दाँत केवल अधोहनु में ही दिखाये पडते है और ये ऊर्ध हनु के बाहर की ओर बहिर्विष्ट रहते हैं । ❐

828 तिमि सुरा *रिनियोडोन टाइपस* का झुंड

विषिंजम के दक्षिण भाग में स्थित अडिमालतुरै से 5 कि मी दूर संस्थान द्वारा चलाने वाले शंबु संवर्धन के नेमी निरीक्षण अनुसंधान पोत कडलमीन VI के ज़रिए कर रहा था तो समुद्रोपरितल पर एक पख हिलते डुलते दिखाया पडा । कुछ निकट जाकर देखने पर समझ पाया कि यह एक तिमि सुरा *रिनियोडोन टाइपस* का पुछ पख है । इसकी लंबाई लगभग 5' थी । यह सुरा पोत के प्रोपेल्लर के पास आ गया और इसके साथ 0.75 से 0.90 मी लंबाई के 16 छोटे सुराएं भी थे । ये शंबु संवर्धन क्षेत्र में शायद खाद्य केलिए आए होंगी । ❐

सी एम एफ आर आइ के विषिंजम अनुसंधान केन्द्र, विषिंजम के एस. कृष्णपिल्लै द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट

829 महाराष्ट्र के रेयगाड जिले में स्थित दो अवतरण केन्द्रों में झींगे और बाँगडों का आकस्मिक भारी अवतरण

खाम्डे अवतरण केन्द्र में 10-4-97 को *वरज जाल* नाम से जाननेवाला गिल जाल में बडे झींगे *पेनिअस मेरगुनसिस* का भारी अवतरण हुआ । डगआउट कैनोस *वाहन होडी* से प्रचालित नौ गिलजालों के ज़रिए राजपुनी क्रीक से कुल 304 कि ग्रा *पी. मेरगुनसिस* का अवतरण हुआ जिसको प्रति कि ग्रा 35/- रु प्राप्त हुआ ।

भारडखोल डिवेगर अवतरण केन्द्र में 14-4-97 के अपराह्न के दौरान बाँगडे *रास्ट्रेलिगर कानागुर्टा* का आकस्मिक भारी अवतरण हुआ । तट से 15 कि मी दूर 20-25 मी गहराई में *बुडि जाल* नाम से जाननेवाले 160 गिल जाल एककों के ज़रिए औसत 250 कि ग्रा बाँगडों का अवतरण हुआ । उस दिन लगभग 35 टन बाँगडों का अवतरण हुआ और उन्हें प्रति कि.ग्रा 8/- रु की दर में बेच दिया ।

सी एम एफ आर आइ के जंजिरामुरड क्षेत्र केन्द्र, जंजिरामुरड-402401 के रमेश बी राँव द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट

830 तट संपाश में तिमि सुरा *रिनोडोन टाइपस* – एक घटना*

आन्ध्राप्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में *पेड्डा वला* नामक तट संपाश में तीन जीवित तिमि सुराएं आकस्मिक वश फंस गये । इन में एक येरामकुलम अवतरण केन्द्र में 25-3-97 को 8 मी गहराई में प्रचालित तट संपाश में फंस गया था, जिसकी कुल लंबाई 5.5 मी थी । अन्य दो, एक नर और एक मादा इस्कापालेम अवतरण केन्द्र में 9 मी गहराई में प्रचालित तट संपाश में फंस गये थे जिनकी लंबाई क्रमशः 5.7 और 5.8 मी थी । इन दोनों नमूनों के शारीरिक मापन से मी में निम्नप्रकार है ।

शरीर का विवरण	मादा	नर
कुल लंबाई	584	571
मानक लंबाई	439	430
शरीर का घेर	252	236
मुँह की चौडाई	108	97
पहले पृष्ठ पख की लंबाई	150	147
दूसरे पृष्ठ पख की लंबाई	63	59
प्रोथ से पहले पृष्ठ तक की लंबाई	212	208
प्रोथ से दूसरे पृष्ठ तक की लंबाई	334	327
बाह्य उपांत पर अंस पख की लंबाई	95	85
ऊपरी उपांत पर पुच्छ पख की लंबाई	145	141
पहले पृष्ठ पख मूल की लंबाई	51	48
दूसरे पृष्ठ पख मूल की लंबाई	15	13
अंस पख मूल की लंबाई	47	44
सन्निकट भार	3 टन	2.6 टन

इनके मांस या पखों की कोई माँग नहीं थी।

सी एम एफ आर आइ के पलसा क्षेत्र केन्द्र, पलसा श्रीकाकुलम जिला, आन्ध्राप्रदेश के बी. अच्युतरॉव द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट

831 माँगलूर में तिमि सुरा *रिकोडोन टाइपस* स्मित् का अवतरण

माँगलूर से लगभग 160 कि मी उत्तर मुरडेश्वरा में 30 मी गहराई में प्रचालित एक बहुदिवसीय आनाय पोत में 27-3-97 को एक तिमि सुरा *रिकोडोन टाइपस* स्मित आकस्मिक वश पकडा गया। इसकी कुल लंबाई 550 से मी और भार 1.5 टन था। एक स्थानीय मछली व्यापारी ने 750/- रु पर इसे खरीद लिया। इसके जिगर और फिनरेय्स को लेकर, माँग की कमी के कारण बाकी मांस को फेंक दिया। जिगर का भार लगभग 100 कि ग्रा था और इसे तेल निकालने केलिए ले गया। इसके आहारनली के निरीक्षण करने पर *कारांक्स काल्ला* जैसे छोटे वेलापवर्तीयाँ *सी. गइम्नोस्टेतोइड्स, मेगालास्पिस कोरडियाला* मछलियाँ, अर्ध-पचित आहार वस्तुएं और पचन रस देखा गया। इससे व्यक्त होता है कि यह तिमि सुरा एक मत्स्यभक्षी है। इसके पहला पृष्ठ पख की लंबाई 78 से मी और चौडाई 57 से मी था। यह नर जाति के किशोर था।

माँगलूर तट में तिमि सुरा के अवतरण का यह नौवी रिकोर्ड है।

सी एम एफ आर आइ के माँगलूर अनुसंधान केन्द्र, माँगलूर 575001 के एस. केम्पराजु, एच.एस. महादेवस्वामी और आर. अच्चय्या नाइक द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट

832 उडीसा के गंजम जिले में कच्छपों का नीडन

हर साल अनेक कच्छप, विशेषत: उलीव रैडिलि *लेपिडोचेलिस ओलिवेसिया* सागर से रुषिकुल्या और बाहुडा नदी मुहानों के बीच के अदृढ बुलई पुलिन में अंडे डालने केलिए आते है। यहाँ कच्छपों के हज़ारों अंडे बिखरे हुए देखे गये थे। यह विस्तृत क्षेत्र की निगरानी केवल एक ही पहरेदार की जिम्मेदारी है। इसलिए कुत्ते, पक्षिगण आदि परभक्षियों से अंडों की रक्षा करना बहुत कठिन है।

गोकुरकुडा अवतरण केन्द्र के 7 कि मी दक्षिण में स्थित पुरुनाबन्दो गाँव में प्लास्टिक बर्तनों में कुछ छोटे जीवित ओलीव रैडिलि कच्छपों को सागर में छोडने केलिए रखे हुये देखे थे।

सी एम एफ आर आइ के गोपालपुर क्षेत्र केन्द्र, गोपालपुर - 7610002 के एस. हनुमन्तराव द्वारा की गयी रिपोर्ट

833 मुरड जंजिरा में डोलफिन *डेलफिनस डेलफिस* का ध्वंसन

मुरड जंजिरा में 20.3.97 को सबेरे 305 से मी लंबाई के एक मृत नर डोलफिन *डेलफिनस डेलफिस* को तट पर ध्वंसा हुआ देखा। यह मालूम पडा कि यह डोलफिन पिछले दिन मानोफिल्मेन्ट गिल जाल में फंसा हुआ था। मछुआरों ने इसे वापस सागर में फेंक दिया। 54 से मी अतिरिक्त लंबाई के साथ इसका भार 250 कि ग्रा था।

सी एम एफ आर आइ के जंजिरा मुरड क्षेत्र केन्द्र, जंजिरा मुरड - 402 401 के डी.जी. जाधव और रमेश बी.रॉव द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट

834 आन्ध्राप्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में स्थित दुम्मलपेट्टा में डोलफिनों का अवतरण

भारतीय तटों में प्रचालित गिल जालों में साधारणतया पाये जाने वाले डोलफिन जाति है *डेलफिनस डेलफिस*। दुम्मलपेट्टा अवतरण केन्द्र में 45 मी गहराई में प्रचालित पाण्डुवला गिलजालों में फंस गयी दो मादा डोलफिनों, डेलफिनस डेलफिस के बारे में यहाँ रिपोर्ट की जाती है। इनके कुछ शारीरिक मापन से मी में नीचे प्रस्तुत है।

कुल लंबाई	216	209
सिर की लंबाई	36	33
शरीर का घेर	102	100
प्रोथ से पृष्ठ पख तक	99	96
प्रोथ से गुलद तक	137	117
पृष्ठ पख की लंबाई	40	33
अंस पख की लंबाई	35	34
पुच्छ पख की लंबाई	56	49
पृष्ठ पख की खडी लंबाई	23	18
पृष्ठ पख मूल की लंबाई	33	30
अंस पख मूल की लंबाई	13	11
हनु की लंबाई	29	27
सन्निकट भार (कि ग्रा)	200	180

*** सी एम एफ आर आइ के काकिनाडा अनुसंधान केन्द्र, काकिनाडा के. सी. एच. ई तत्तय्या और पि अच्चय्या द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट**

Errata for MFIS No. 150, Oct., Nov., 1997

Pag 1, column 2, para 2, line 1 : correct 'Date' to read as 'Data'

Page 2, column 1, line 14 : start sentence as 'IBMGN was'

Page 2, column 2, para 3, line 3 : insert 'being' between 'were' and 'replaced'

Page 8, column 1, Table 3, box head, column 1: insert 'of LMG' below 'Rank'

Page 14, column 1, para 2, line 5 : correct to read as 'occupy higher ranks (2-7) in the'

Page 21, column 2, para 2, line 9 : delete 'of' given after '56 %'

GUIDE TO CONTRIBUTORS

The articles intended for publication in the MFIS should be based on actual research findings on long-term or short-term projects of the CMFRI and should be in a language comprehensible to the layman. Elaborate perspectives, material and methods, taxonomy, keys to species and general, statistical methods and models, elaborate tables, references and such, being only useful to specialists, are to be avoided. Field keys that may be of help to fishermen or industry are acceptable, Self-speaking photographs may be profusely included, but histograms should carefully selected for easy understanding to the non-technical eye. The write-up should not be in the format of a scientific paper. Unlike in journals, suggestions and advices based on tested research results intended for fishing industry, fishery manangers and planners can be given indefinitive terms. Whereas only cost benefit ratios and indices worked out based on observed costs and values are acceptable in journal, the observed costs and values, inspite of their transitionality, are more appropriate for MFIS. Any article intended for MFIS should not exceed 15 pages typed in double space on ful-lscap paper.

Edited by Dr. K.J. Mathew T.S. Naomi Ms. P.J. Sheela and Ms. E. Sasikala. Published by Dr. K.J. Mathew on behalf of the Director, Central Marine Fisheries Research Institute, P.B. No. 1603, Tatapuram P.O., Cochin - 682 014, Kerala, India. Printed at Cherrys Printers, Cochin - 682 017.

First Announcement

Symposium on Ecofriendly Mariculture Technology Packages – An Update

Organised by

Marine Biological Association of India

and

Central Marine Fisheries Research Institute, Cochin, India

12-14 October 1998

Background

The problem of fast growing human population and protein deficit particularly in the developing countries continues to exert considerable pressure on the fisheries resources in the wild waterbodies. The increasingly limited opportunities in the capture fisheries sector have generated considerable interest in mariculture. While coastal land-based shrimp aquaculture has grown rapidly in the current decade, the recent instances of crop failures due to diseases and subsequent environmental problems have forced the industry to adopt ecofriendly systems of farming with emphasis on sustainable coastal aquaculture development.

Main theme

It is, therefore, felt that the new approach should be aimed at adopting and promoting ecofriendly mariculture with suitable technology packages for (i) closed systems of shrimp farming coupled with the application of biotechnological and bacterial products; and (ii) integration of compatible candidate species of crustaceans, bivalves, fishes, seacucumbers and seaweeds in the farming systems. The current practices have the potential to make coastal aquaculture more sustainable from the biological, ecological, legal, social and economic points of view. Seafarming in the open sea and the contiguous more protected bays, gulfs, lakes, backwaters and estuaries, inspite of the food potential, remains dormant in the Indian coastal waters, mainly because of lack of awareness, issues of ownership of sites, opposition from traditional fishermen and risks from natural calamities.

It is now widely experienced and believed that diversification of the species base of coastal aquaculture, mariculture and seafarming production systems in polyculture through a careful choice of species, compatible among themselves, would minimise the ill effects of monoculture systems.

With a view to focusing on these issues, the Marine Biological Association of India felt that it was appropriate to organise a Symposium in collaboration with the Central Marine Fisheries Research Institute and other sister organisations on **Ecofriendly Mariculture Technology Packages – An Update** with emphasis on the latest technology packages in the seafarming, coastal aquaculture and hinterland mariculture practices. All current and emerging marine candidate species for farming in these three major production systems will be covered. The application of modern tools of mariculture biotechnology will receive special focus in the Symposium. It is expected that this Symposium will provide a platform for the exchange of ideas on the sustainable development of various mariculture systems among the scientists, experts, progressive farmers, fisherfolk and the industry connected with seafood farming and marketing.

Technical sessions

1. Coastal aquaculture/mariculture technologies
2. Hinterland aquaculture of marine candidate species and onshore mariculture technologies
3. Seafarming technologies
4. Modern tools of mariculture biotechnology
5. Credit, public policy and trade

Date

12-14 October, 1998

Venue

Central Marine Fisheries Research Institute, (Behind Kerala High Court) Cochin - 14, India.

Abstract

Two copies of the abstract within 200 words typed in double space on A4 size paper may be enclosed along with registration form to reach the Convener on or before the 30th April, 1998.

Paper for presentation

Full papers shall reach the Convener latest by the 31st August, 1998. After screening, the senior authors will be informed of the acceptance. The accepted papers will be published as a special issue of the ***Journal of the Marine Biological Association of Inda.***

Registration *

Non-members	Rs. 500
Students	Rs. 250
Representatives from Industry	Rs. 1,000

Accommodation

Can be arranged in hotels on request
Hotel tariffs range from Rs. 150-500 per day

Address for communication

Dr. M. Devaraj,
General Convener,
Symposium on Ecofriendly Mariculture
Technology Packages - An Update,
Marine Biological Association of India,
CMFRI Campus, P.B. No. 1604,
Tatapuram P.O., Cochin – 682 014, India.

Tel : 394798, 394867
Telegram : CADALMIN
Fax : 484-394909

* *The amount may be sent as Money Order or as D.D. in favour of the Secretary, Marine Biological Association of India, P.O. Box : 1604, Tatapuram P.O., Cochin - 682 014.*